प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

आज़ादी का अमृत महोत्सव

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Fort, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

28 फरवरी 2022

बैंक ऋण का क्षेत्र-वार अभिनियोजन – जनवरी 2022

चुनिंदा 39 अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से जुटाए गए बैंक ऋण के क्षेत्र-वार अभिनियोजन संबंधी आंकड़ें विवरण I और II में दिए गए हैं, जो जनवरी 2022 महीने के लिए सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा अभिनियोजित कुल खाद्येतर ऋण का लगभग 92 प्रतिशत होता है।

वर्ष-दर-वर्ष (वाई-ओ-वाई) आधार पर देखें तो, जनवरी 2022 में खाद्येतर बैंक ऋण[1] में 8.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि एक साल पहले यह 5.9 प्रतिशत थी।

बैंक ऋण के क्षेत्र-वार अभिनियोजन की मुख्य बातें नीचे दी गई हैं :

- कृषि और संबद्ध कार्यकलापों को प्रदत्त ऋण के संबंध में अच्छा प्रदर्शन जारी रहा, जिसमें जनवरी 2022 में 10.4 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर्ज की गई, जबकि जनवरी 2021 में यह 8.5 प्रतिशत थी।
- उद्योग क्षेत्र को प्रदत्त ऋण में वृद्धि जनवरी 2021 में 0.7 प्रतिशत से बेहतर होकर जनवरी 2022 में 6.4 प्रतिशत हो गई। आकार के अनुसार देखें तो, मध्यम उद्योगों को प्रदत्त ऋण में पिछले साल के 21.8 प्रतिशत की तुलना में जनवरी 2022 में 74.7 प्रतिशत की दोहरे अंकों की उच्चतर वृद्धि दर्ज की गई। इसी अवधि के दौरान सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को प्रदत्त ऋण में वृद्धि 0.5 प्रतिशत से तेजी से बढ़कर 19.7 प्रतिशत हो गई और बड़े उद्योगों को प्रदत्त ऋण में 0.2 प्रतिशत की कमी की तुलना में 0.5 प्रतिशत की सीमांत वृद्धि दर्ज की गई।
- उद्योग के भीतर, 'सभी इंजीनियरिंग', 'रसायन और रासायनिक उत्पादों', 'इन्फ्रास्ट्रक्चर', 'चमड़ा और चमड़े के उत्पादों', 'पेट्रोलियम, कोयला उत्पादों और परमाणु ईंधन', 'रबड़, प्लास्टिक और उसके उत्पादों', तथा 'रत्न और आभूषण' हेतु प्रदत्त ऋण में वृद्धि जनवरी 2022 में पिछले साल के इसी महीने की तुलना में बढ़ी है। हालांकि, 'मूल धातु और धातु उत्पादों', 'पेय पदार्थ और तंबाकू', 'सीमेंट और सीमेंट उत्पादों', 'निर्माण', 'खाद्य प्रसंस्करण', 'कांच और कांच के बने पदार्थ', 'खनन और उत्खनन', 'कागज और कागज के उत्पादों', 'कपड़ा', 'वाहन, वाहन के पुर्जो और परिवहन उपकरण' एवं 'लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों' की ऋण वृद्धि में गिरावट/कमी आई है।
- सेवा क्षेत्र को प्रदत्त ऋण में वृद्धि एक साल पहले के 8.1 प्रतिशत की तुलना में जनवरी 2022 में 7.3 प्रतिशत पर रही, जो 'परिवहन ऑपरेटरों' एवं 'पर्यटन, होटल और रेस्तरां' सहित मुख्य रूप से एनबीएफसी को प्रदत्त ऋण में उल्लेखनीय वृद्धि होने की वजह से थी।
- व्यक्तिगत ऋण खंड में ऊंची दर पर विस्तार जारी रहा और वह एक साल पहले के 8.7 प्रतिशत से जनवरी 2022 में 11.6 प्रतिशत की दर से बढ़ा।

अजीत प्रसाद
निदेशक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/1790

[1] खाद्येतर ऋण के आंकड़ें धारा – 42 विवरणी पर आधारित हैं, जिसमें सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) शामिल हैं।